हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in *वेबसाइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*

क्रमांक 1578/परीक्षा/वार्षिक/2023 दुर्ग, दिनांक 05.01.2023

//अधिसूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा जारी अधिसूचना क्र. 1572/परीक्षा/वार्षिक/2022, दुर्ग दिनांक 29.12.2022 के तारतम्य में वार्षिक परीक्षा सत्र 2022–23 के परीक्षा आवेदन फार्म ऑनलाईन माध्यम से भरने की तिथि में **विलम्ब शुल्क रू. 500/– (राशि पांच सौ रूपये मात्र)** सहित निम्नानुसार वृद्धि की जाती है:–

क्र.	परीक्षा आवेदन	पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि	संशोधित अंतिम तिथि
01	परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन माध्यम से संपूर्ण परीक्षा आवेदन फार्म भरने की तिथि (रू. 500/– विलंब शुल्क सहित)	02.01.2023	12.01.2023
02	परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन भरे गए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालयों में जमा करने की अंतिम तिथि	03.01.2023	13.01.2023
03	महाविद्यालयों द्वारा परीक्षार्थियों के जमा कराये गए आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी, नॉमिनल रोल, गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न), शुल्क सूची के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्रों में जमा करने की अंतिम तिथि	04.01.2023	14.01.2023
04	समस्त परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय पहुंचाने की अंतिम तिथि	05.01.2023	16.01.2023

टीप:–

1. उपरोक्त तिथि उपरांत परीक्षा आवेदन भरने की तिथि में वृद्धि नहीं की जाएगी, अतः समस्त परीक्षार्थी उपरोक्तानुसार निर्धारित अंतिम तिथि तक परीक्षा आवेदन अनिवार्य रूप से भरना सुनिश्चित करेंगे।
2. संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध है कि वे संबंधित समस्त नियमित परीक्षार्थी जो विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा सत्र 2022–23 में सम्मिलित हो रहे हैं उनके परीक्षा आवेदन फार्म निर्धारित अंतिम तिथि तक अनिवार्य रूप से भराया जाना सुनिश्चित करेंगे।
3. निर्धारित अंतिम तिथि उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा आवेदन फार्म भरने हेतु विश्वविद्यालय न भेजा जाए।
4. परीक्षार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि यदि उन्हें परीक्षा आवेदन करने में किसी भी प्रकार की तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तो वे तत्काल विश्वविद्यालय आकर उक्त समस्या का समाधान प्राप्त कर लेवें। अंतिम तिथि उपरांत किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. शेष निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय
दुर्ग, दिनांक : 05.01.2023

पृ.क्र.1579/परीक्षा/वार्षिक/2023

प्रतिलिपि:–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
4. विभागाध्यक्ष, समस्त विभाग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
7. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/राजनांदगांव/कबीरधाम को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

For उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय